दिनांक 27.07.2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सुबह से हो रही बारिश के चलते हैं नाली सफाई मे जुटे सफाई कर्मी

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत बारिश के पानी से कहीं भी जलभराव की स्थिति न हो इसके लिए निगम का स्वास्थ्य अमला जुटा हुआ है। सभी वार्डों के छोटे , बड़े नाली की सफाई की गई ताकि पानी की निकासी बिना कोई अवरोध गंतव्य की ओर निकल सके। निगम के सफाई कर्मी वार्डों के भीतर नाली से पानी निकासी करने झिल्ली, पन्नी व कचरे को निकालने में जुटे रहे। सुबह से हो रही बारिश की वजह से कहीं भी जलभराव की स्थिति से निर्मित न हो इसके लिए विभागीय अधिकारियों ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। गौरतलब है कि निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर निगम प्रशासन ने बारिश पूर्व ही सभी नाली व बड़े नालों की जेसीबी से सफाई कराई थी, जिसके कारण कहीं भी जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं हुई है। भिलाई निगम क्षेत्र में बारिश का पानी सुगमता से तालाब व बड़े नालो तक बिना अवरोध पहुंच सके इसलिए नाले व वार्डों के भीतर जल निकासी वाले सभी नालियों की सफाई पूर्व में ही कराई जा चुकी है! मॉर्निंग विजिट में अधिकारियों द्वारा नाली सफाई अभियान को देखने मौके पर जाकर फीडबैक लेते रहे है। मंगलवार को सुबह से हो रही बारिश के पानी से जलभराव की स्थिति से निपटने कुछ स्थानों पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी वार्डों के भीतर जलभराव होने वाले स्थान पर कच्चा रास्ता बनाकर पानी को निकालने में जुटे रहे। कई स्थानों पर जाम नाली से झिल्ली , पन्नी एवं अन्य कचरो को निकालकर साफ किया गया। बारिश के पानी को निकालने सफाई कर्मियों ने वार्डो के भीतर फावड़ा , बेलचा व अन्य औजार के साथ वार्ड के नाली का निरीक्षण किए और जलजमाव वाले स्थानों से पानी की निकासी हेतु रास्ता बनाकर निकाला! नाली से जलप्रवाह को बनाए रखने सभी जोन के जोन स्वास्थ्य अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में निरीक्षण किए और कई स्थानों पर जलनिकासी के लिए रास्ता बनवाया।